प्रेषक,

कुंवर फतेह बहादुर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

लखनऊ : दिनांक 10 अक्टूबर, 2008

विषय :– भर्ती एवं नियुक्तियों के संबंध में।

महोदय,

कार्मिक अनुभाग–2

कृपया उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनांक 22 सितम्बर, 2008 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2–इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश दिनांक 22 सितम्बर, 2008 के प्रस्तर–2(4) को निम्नवत् पढ़ा जाय :–

आरक्षित वर्गों के बैकलाग रिक्तियों पर विशेष चयन का आयोजन तथा उसके आधार पर नियुक्तियाँ एवं विकलांगजनों हेतु चिन्हित रिक्त पदों के बैकलाग को भरे जाने हेतु चलाया जा रहा विशेष भर्ती अभियान।

3–उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 22 सितम्बर, 2008 को उपरोक्तानुसार संशोधित समझा जाय।

4–अनुरोध है कि उपर्युक्त आदेशों का तद्नुसार कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीनस्थ समस्त नियुक्ति प्राधिकारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
कुंवर फतेह बहादुर,
प्रमुख सचिव।

संख्या 839/का–2/2008 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
2–समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,
नन्दलाल प्रसाद,
अनु सचिव।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 10 सा० नियुक्ति (हि०)–2008–(1293)–2000 (क०/आ०)।